# ठगी के चारों आरोपी गिरफ्तार

## पति-पत्नी और बेटों के साथ की 1.60 करोड़ ठगी

**जबलपुर, 6 अप्रैल. राइट टाउन निवासी एक डॉक्टर और उनके बेटे समेत तीन लोगों को शातिर ठग परिवार ने अपनी जालसाजी का शिकार बनाते हुए करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये ठग लिए थे. ठगों ने खुद को गरीब बताकर गड़ा हुआ सोना कम कीमत पर बेचने का झांसा देकर चूना लगा दिया था.**

मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की तो ठगी करने वाली गैंग



हरियाणा की निकली. पति पत्नी ने बेटों के साथ ठगी का जाल बुना था. पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है. जिनके कब्जे से पौने दो करोड रुपए का माल एव 11 मोबाईल जप्त किए गए हैं. पुलिस कंट्रोल रूम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने खुलासा किया. पकड़े गएआरोपियों में पन्नालाल राठोर पिता गंगाराम राठौर (60), धर्मेन्द्र पिता पन्नालाल राठौर (34), वीरेन्द्र पिता पन्नालाल राठोर (30), रानमादेवी पति पन्नालाल (52 ) सभी निवासी छज्जूमल रोड थाना आदर्शनगर बल्लभगढ जिला फरीदाबाद (हरियाणा) हैं और सभी एक ही परिवार के हैं.

> पूछताछ पर चारों के द्वारा उपरोक्त के साथ ठगी करना स्वीकार करते हुये पनागर में किराये का मकान लेकर रहना जहॉ ठगी कर प्राप्त रूपयों को छिपाकर रखना बताया. आरोपियो की निशादेही पर पनागर स्थित किराये के मकान की तलाशी लेते हुये 1करोड 55 लाख रूपये नगद, 84 ग्राम असली सोने की गिन्नियॉ एवं 20 किलो नकली गिन्नियॉ, 11 मोबाईल जप्त किया गया.



# दंगल के दौरान मारपीट

## कुश्ती को लेकर चले लाठी-डंडे, 15 पर केस दर्ज

**शिवपुरी, 6 अप्रैल. जिले के नरवर थाना क्षेत्र के मगरौनी कस्बे में दंगल के दौरान विवाद के बाद दो पक्षों में लाठी-डंडे चल गए. बीसीसी ग्राउंड में मेले के दौरान हुई इस घटना के बाद दोनों पक्ष मगरौनी पुलिस चौकी पहुंचे, जहां उनके बीच फिर से झड़प हो गई.**

पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया और दोनों पक्षों की शिकायत पर 15 लोगों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है. मारपीट में घायल लोगों का इलाज नरवर स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है, जबकि एक गंभीर घायल को शिवपुरी रेफर किया गया है. मगरौनी के बीसीसी ग्राउंड में लगे मेले के दंगल में कुश्ती को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया. देखते ही देखते यह विवाद गाली-गलौज और लाठी-डंडों से मारपीट में बदल गया. घटना में दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें आई हैं. मारपीट के बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने मगरौनी चौकी पहुंचे. यहां भी उनके बीच कहासुनी और झड़प हो गई.

## एक नजर में



### बस स्टैंड के पास से मगरमच्छ को पकड़ा

**शिवपुरी.** शहर के पोहरी बस स्टैंड के पीछे आज सोमवार सुबह एक विशाल मगरमच्छ देखा गया. पुलिया के समीप बैठे इस मगरमच्छ को देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और राहगीर भयभीत होकर दूर से निकलने लगे. मगरमच्छ की लंबाई लगभग 7 फीट थी और उसका पेट फूला हुआ दिख रहा था. आशंका जताई जा रही है कि उसने किसी जानवर, जैसे सूअर या कुत्ते का शिकार किया था, जिसके कारण वह अधिक हिल-डुल नहीं पा रहा था. घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई. जानकारी मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और लगभग 30 मिनट के सावधानीपूर्वक अभियान के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया.

### सामाजिक परिवर्तन के लिए मंथन जरुरी : सोनी

**इंदौर.** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति,इंदौर द्वारा ज्ञान, विचार और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य एवं आधुनिक ग्रंथालय 'मंथन कुटीर' का उद्घाटन सुदर्शन भवन, पंत वैद्य कॉलोनी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में प्रांत संघचालक डॉ.प्रकाश शास्त्री विशेष अतिथि थे एवं ईश्वरदास हिंदूजा ने अध्यक्षता की. सुरेश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए क्रियात्मकता के साथ वैचारिक मंथन भी अति आवश्यक है. पुस्तकालय साहित्य में रुचि रखने वाले लोगों का केन्द्रबिंदू होता है.

### महिला से मारपीट व दुष्कर्म प्रयास, मामला दर्ज

**धार.** मध्यप्रदेश के धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र में एक महिला को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने और सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है. पुलिस ने इस प्रकरण में तीन महिलाओं सहित पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़ित महिला ने शिकायत में बताया कि ग्राम कुन्दा में उसके खेत के पास रहने वाले परिवार द्वारा जेसीबी से जमीन समतल की जा रही थी, जिसके दौरान उसकी बाउंड्री को नुकसान पहुंचाया गया. विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी.

### विधायक पाठक आपराधिक अवमानना मामले में तलब

**जबलपुर.** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने आपराधिक अवमानना मामले की सुनवाई करते हुए भाजपा विधायक संजय पाठक को तलब किया है. युगलपीठ ने हलफनामा को रिकॉर्ड में लेते हुए नोटिस जारी कर भाजपा विधायक को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है. जबकि आपराधिक अवमानना की सुनवाई के दौरान विधायक संजय पाठक की तरफ से हलफनामा पेश करते हुए अपनी गलती स्वीकार कर बिना शर्त माफी मांगी.

## हाईकोर्ट ने नपाध्यक्ष सीधी के वित्तीय शक्तियों में लगाई रोंक

**सीधी.** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा के वित्तीय शक्तियों पर फिलहाल रोंक लगा दी है. न्यायाधीश संदीप एन. भट्ट ने डब्ल्यूपी संख्या 11116-2026 की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिनांक: 06 अप्रैल 2026 को जारी किया. याचिका बृजेश सिंह बनाम मध्य प्रदेश राज्य और अन्य की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सिद्धार्थ शुक्ला एवं राज्य की ओर से सरकारी अधिवक्ता कनक गहरवार विद्वान न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत हुए. स्वीकृति और अंतरिम राहत के प्रश्न पर सुनवाई हुई. अंतरिम राहत प्रदान की जा चुकी है. उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए.

# ग्वालियर से आगरा की दूरी 50 मिनट में होगी तय

## सिंधिया ने ग्वालियर-आगरा एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

▶ हाईस्पीड कॉरिडोर के निर्माण पर 5500 करोड़ की लागत

**ग्वालियर, 6 अप्रैल. केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हाईवे विस्तारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है. इसी कड़ी में आगरा से ग्वालियर तक का 6 लेन रोड निर्मित किया जा रहा है.**

5500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का यह हाई स्पीड कॉरिडोर ग्वालियर - चंबल क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई दिशा देगा. सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से विकास की नई गति स्थापित की जा रही है. केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं. सिंधिया ने सोमवार की शाम ग्वालियर-आगरा एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करते हुए यह बात कही.



इस मौके पर ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भितरवार क्षेत्र के विधायक मोहन सिंह राठौर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल उपस्थित थे.

> **एलीवेटेड रोड का भी किया निरीक्षण**
>
> सिंधिया ने सोमवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान ग्वालियर में दो चरणों में निर्मित की जा रही एलीवेटेड रोड के प्रथम चरण में ग्वालियर के हजीरा क्षेत्र में निर्मित एलीवेटेड रोड का निरीक्षण किया. सिंधिया ने हजीरा किलागेट के पास एलीवेटेड रोड निर्माण कार्य का पैदल चलकर निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की. उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एलीवेटेड रोड का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में हो यह सुनिश्चित किया जाए.

# मंत्री सारंग के बंगले में चोरी

▶ ट्रॉफियां और शील्ड ले गए चोर

**भोपाल, 6 अप्रैल. मध्यप्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले में चोरी का मामला सामने आया है. अज्ञात चोर बंगले के स्टोर रूम से ट्रॉफियां, मोमेंटो और शील्ड लेकर फरार हो गए.**

यह वारदात दो और तीन अप्रैल की दरमियानी रात की है, जिसका खुलासा सोमवार की सुबह हुआ. टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक, चोरी गई वस्तुएं मंत्री को विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मानस्वरूप मिली थीं. जांच में यह भी सामने आया है कि जिस स्टोर रूम में चोरी हुई. वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे, जिससे आरोपियों की पहचान में कठिनाई आ रही है. लेकिन पुलिस आसपास के फुटेज की जांच कर रही है.

# 30 करोड़ से बनेगा नया रेलवे ओवर ब्रिज

**740** मीटर लंबाई लगभग

**10.50** मीटर चौड़ाई

**इंदौर, 6 अप्रैल. शहर में यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत इंदौर-डॉ. अम्बेडकर नगर रेलखंड पर स्थित समपार संख्या 253 ( लेवल क्रॉसिंग ) पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न हुआ.**

इस महत्वपूर्ण परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में इंदौर के




सांसद शंकर लालवानी महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक मालिनी गौड़ की उपस्थिति रह.. इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे और परियोजना को लेकर उत्साह नजर आया. प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज दो-लेन का होगा, जिसकी कुल लंबाई लगभग 740 मीटर और चौड़ाई करीब 10.50 मीटर निर्धारित की गई है. इस परियोजना पर लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत आएगी. लोकमान्य नगर और राजेंद्र नगर स्टेशन के बीच स्थित इस रेलवे फाटक पर अक्सर लंबा जाम लगता है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती है.



## लोकसभा अध्यक्ष बिरला आज आएंगे सिंगोली

**नीमच.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज मंगलवार को सिंगोली आएंगे. लोकसभा अध्यक्ष बिरला 7 अप्रैल को प्रात:8.00 बजे शक्ति नगर, कोटा से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर, प्रात:9.30 बजे तिलिस्मा रोड़, सीएम राइज स्कूल के सामने, सिंगोली, जिला नीमच पहुंच कर, स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे. तदपश्चात आप प्रात:10.30 बजे सिंगोली, जिला नीमच, मध्यप्रदेश से कोटा (राजस्थान) के लिए प्रस्थान करेंगे.

# प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का प्रयास

## प्रेमिका की मौत के बाद प्रेमी ने खाया जहर

**दतिया, 6 अप्रैल. दतिया के भांडेर थाना क्षेत्र के ग्राम तिघरा खिरिया में प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले में प्रेमिका की फांसी लगाकर मौत के दो दिन बाद उसके कथित प्रेमी ने भी सल्फास खाकर आत्महत्या की कोशिश की. फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है.**





मृतका की पहचान ममता (45) पत्नी राजेंद्र दोहरे निवासी तिघरा खिरिया के रूप में हुई है. ममता ने घर के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया.

परिजनों का आरोप है कि ममता का भांडेर निवासी मोनू सेंगर से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था. वह घर आया था, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. इसके बाद मोनू वहां से चला गया और ममता ने फांसी लगा ली.

दो दिन बाद मोनू ने भी सल्फास खाकर आत्महत्या का प्रयास किया. वह खेती-किसानी करता है और दो बच्चों का पिता है. फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर है. भांडेर थाना पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है. हालांकि परिजनों के आरोपों को ध्यान में रखते हुए प्रेम प्रसंग, विवाद और अन्य सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है.

# आईपीएल सट्टा : बीजेपी नेता सहित चार गिरफ्तार

**धार, 6 अप्रैल. जिले की बदनावर तहसील में पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए एक भाजपा नेता सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये के लेनदेन का हिसाब तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बदनावर के अणुनगर क्षेत्र में क्राइम ब्रांच की टीम ने देर रात दबिश देकर शांतिलाल सिर्वी के घर से उसे सहित चार लोगों को सट्टा संचालित करते हुए पकड़ा. गिरफ्तार आरोपियों में शांतिलाल सिर्वी, विनय जाट, आदित्य और अभिषेक गोयल शामिल हैं. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक लैपटॉप, चार एंड्रॉइड मोबाइल, दो कीपैड फोन, सट्टे के अंक लिखी पर्चियां तथा लाखों रुपये के हिसाब-किताब से संबंधित दस्तावेज बरामद किए. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बताया गया है कि शांतिलाल सिर्वी भाजपा का पूर्व जिला महामंत्री रह चुका है, जबकि अन्य आरोपी भी राजनीतिक संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश और एसडीओपी के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच द्वारा की गई.

# हाईकोर्ट ने 250 जजों को किया स्थानांतरित

**जबलपुर, 6 अप्रैल. मध्य प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है. हाईकोर्ट प्रशासन ने एक साथ पांच अलग-अलग आदेश जारी कर 250 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए हैं. इस व्यापक बदलाव में सिविल जज ( सीनियर व जूनियर डिवीजन ), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ( सीजेएम ) सहित कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं. स्थानातंरित हुए न्यायिक अधिकारियों की सूची मप्र हाईकोर्ट की बेबसाईट पर देखी जा सकती है.**

आदेशों के अनुसार सिविल जज (सीनियर डिवीजन) स्तर पर 58 अधिकारियों का ट्रांसफर



किया है. इनमें अतुल यादव, पुष्पराज सिंह उइके, अमित नागयाच, विजय कुमार पाठक और तथागत याज्ञिक सहित कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं. इन्हें प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. इसके अलावा जितेंद्र मेहर, नरेंद्र भंडारी, विक्रम सिंह डावर, रवींद्र शिल्पी और सूर्यपाल सिंह राठौर समेत अन्य अधिकारियों को भी एक जिले से दूसरे जिले में पदस्थ किया है.

> सबसे बड़ा फेरबदल सिविल जज (जूनियर डिवीजन) स्तर पर हुआ है. इस श्रेणी में 190 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले किए गए हैं. सूची में अमन सुलिया, अंशुल ताम्रकार, सौरभ गोस्वामी, विवेक सिंह राजन, दिव्या रामटेके, प्राची सिंह पटेल, अंकिता जैन और ब्रजेश कुमार चंसोरिया सहित कई नाम शामिल हैं. इसके अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर पर भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं. कई जिलों में नए सीजेएम की नियुक्ति की गई है. साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य न्यायिक अकादमी में भी अधिकारियों की नई तैनाती कर प्रशासनिक व्यवस्था में पुनर्गठन किया गया है.



# महिला ने युवक को लात-घूंसों और डंडों से पीटा

▶ छेड़खानी करने पर सरेराह मारपीट

▶ पुलिस ने दोनों पक्षों पर किया मामला दर्ज

**टीकमगढ़, 6 अप्रैल. जिला अस्पताल परिसर में सोमवार को छेड़ख़ानी के एक आरोपी की जमकर पिटाई कर दी. महिलाओं के साथ बदतमीजी करने के आरोप में दो युवकों और एक महिला ने मिलकर युवक को लात-घूंसों और डंडों से पीटा. इस बीच अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिटाई इतनी जबरदस्त थी कि आरोपी के कपड़े तक फट गए. मारपीट के दौरान आरोपी मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर पकड़ा और थाने ले गई. पुलिस की गिरफ्त में आए युवक की पहचान शहर के कुमैदान मोहल्ले के रहने वाले जमालुद्दीन काजी के रूप में हुई है. उसकी कोतवाली के पास ही लहंगा-चुनरी की एक दुकान है.

पुलिस का कहना है कि जमालुद्दीन की महिलाओं और लड़कियों से छेडख़ानी करने की पुरानी आदत रही है.जांच में यह भी सामने आया है कि जमालुद्दीन काजी पहले नगर रक्षा समिति का सदस्य रह चुका है. हालांकि, पहले भी इसी तरह की एक करतूत सामने आने के बाद उसे समिति से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था.

**परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई**

कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि पीड़ित महिला और उसके परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेडख़ानी की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और कार्रवाई शुरू कर दी है. अस्पताल परिसर में हुई इस घटना के वीडियो को भी साक्ष्य के तौर पर देखा जा रहा है. वहीं पुलिस ने जमाल की शिकायत पर भी मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन करने पर 3 पुलिसकर्मी निलंबित

**सीधी, 6 अप्रैल. पुलिस अधीक्षक द्वारा विभाग में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से सख्त कार्रवाई की गई है. वीआईपी ड्यूटी में तैनात एएसआई अनूप बंसल, प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह सेंगर और आरक्षक अमन भट्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.**

विभागीय जानकारी के अनुसार एएसआई अनूप बंसल, प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह सेंगर और आरक्षक अमन भट्ट को वीआईपी आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगाया गया था. ड्यूटी के दौरान ही 4 अप्रैल की रात उक्त तीनों पुलिसकर्मियों द्वारा मझौली क्षेत्र के एक ढाबे के पास वर्दी में शराब पीकर अभद्रता करने की सूचना पर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी के साथ प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह द्वारा अनुशासनहीनता पूर्वक व्यवहार किया गया.

> मेडिकल जांच में शराब के सेवन की पुष्टि होने और ड्यूटी में गंभीर अनुशासनहीनता एवं लापरवाही पाए जाने पर निलंबन आदेश जारी किया गया है. तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर रक्षित केंद्र संबद्ध कर दिया गया है. पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि कर्तव्य के दौरान किसी भी प्रकार की नशाखोरी या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

श्रीरामचरित मानस ▶ रामानंदाचार्य जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने श्रीराम कथा में व्याख्यान किया

# जो सबमें रमे और सबको खुद में रमाए वो हैं श्रीराम

**जबलपुर, 6 अप्रैल. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म सिर्फ विप्र-धेनु, सुर-संत हित के लिए नहीं है, उनका जन्म पूरे जगत के मंगल के लिए है. श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास जी ने राम सत्यसंध पालक श्रुति श्रेतू-राम जनमु जग मंगल हेतू चौपाई में इसकी व्याख्या भी की है.**

इस आशय के मंगल वचन पद्म विभूषण, रामानंदाचार्य जगदगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान गौरीघाट स्थित अवधपुरी में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के मंगलाचरण में कही. श्रीराम जनम के मांगल्य को अनेक उद्धरणों के माध्यम से बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि जगत में सब कुछ मंगल हो, इस कारण रामजी का जन्म हुआ है. उन्होंने मानस चौपाई चिदानंद मय देह तुम्हारी के माध्यम से भगवान के प्रकट होने संबंधी दिव्यता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान में विकार नहीं होता.



> **जगत की वासना खंडित करती हैं नर्मदा**
>
> मां नर्मदा की निर्मलता और श्रीराम की सुंदरता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ये सारा संसार जानता है कि नर्मदा ऐसी महारानी नदी है कि किसी में मोहित नहीं होती. नर्मदा का अर्थ है नर्माणि. निर्मलता उनकी पहचान है. वस्तुत: जो जगत की वासना को खंडित कर दे उसे कहते हैं नर्मदा. समुद्र से भी इनका कोई संपर्क नहीं. पर रामजी इतने सुंदर हैं, कि इनको देख कर नर्मदाजी भी मोहित हो गईं. नर्मदा ने कहा मेरे तट पर आपको कुटी बनानी ही पड़ेगी.